futuretopper.in

SET – 3

Series : JSR/2

कोड नं.
Code No. 32/2/3

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

संकलित परीक्षा-II

SUMMATIVE ASSESSMENT-II

सामाजिक विज्ञान
SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घंटे* | *अधिकतम अंक : **90***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **90***

सामान्य निर्देश :

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iv) *प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र वाले प्रश्न **3-3** अंक के हैं । इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए ।*

General Instructions :

(i) *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.*

(ii) *Marks are indicated against each question.*

(iii) *Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *Questions from serial number **9** to **20** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

(v) *Questions from serial number **21** to **28** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *Question number **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

1. उन्नीसवीं सदी के दौरान यूरोप में उभरते हुए मध्य वर्गों की ज़ोरदार माँग क्या थी ? **1**

अथवा

'द हिस्ट्री ऑफ द लॉस ऑफ वियतनाम' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए ।

What was the strong demand of the emerging middle classes in Europe during nineteenth century ?

OR

Name the writer who wrote the book 'The History of the Loss of Vietnam.'

2. खनन किस प्रकार खनिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है ? **1**

How does mining affect the health of miners ?

3. बैकवर्ड एण्ड मायनॉरिटी कम्युनिटी एम्पलाइज फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य लिखिए । **1**

State the main aim of Backward and Minority Communities Employees Federation.

4. किस कारण से विभिन्न वस्तुओं के नवीनतम मॉडल हमारी पहुँच में उपलब्ध हैं ? **1**

Due to which reason the latest models of different items are available within our reach ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. यदि आप दंतमंजन के साथ ब्रश खरीदने के इच्छुक नहीं हैं, परन्तु दुकानदार केवल दंतमंजन बेचने से नकारता है । इस मामले में विक्रेता द्वारा किस उपभोक्ता अधिकार का उल्लंघन किया गया है ? **1**

If you are not interested to buy a brush with tooth-paste but shopkeeper denied to sell tooth-paste only. In this case which consumer right is being violated by the seller ?

6. वर्ग विशेष के हित समूहों और जन सामान्य के हित समूहों में अन्तर कीजिए । **1**

Differentiate between 'Sectional interest groups' and 'Public interest groups'.

7. एकदलीय राजनीतिक व्यवस्था को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अच्छा क्यों नहीं माना जाता है ? **1**

Why is one party political system not considered a good democratic system ?

8. मुद्रा किस प्रकार आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की आवश्यकता को समाप्त करती है ? **1**

How does money eliminate the need for double coincidence of wants ?

9. उद्योगों को उनकी प्रमुख भूमिका के आधार पर वर्गीकृत कीजिए । वे एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं ? **1 + 2 = 3**

Classify industries on the basis of their main role. How are they different from each other ?

10. राजनीतिक दल किसे कहते हैं ? भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । **1 + 2 = 3**

What is a political party ? State any two points of the ideology of Bhartiya Janta Party.

11. बोलिविया में जल के निजीकरण के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किसने किया ? उस संगठन द्वारा विरोध के लिए अपनाए गए तरीकों का वर्णन कीजिए । **1 + 2 = 3**

Who led the protest against water privatization in Bolivia ? Describe the ways of protest adopted by that organization.

12. स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा गरीबों के लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए । **3**

How is the concept of Self Help Groups important for poor people ? Give your view point.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. "नवीकरण योग्य ऊर्जा के संसाधनों के उपयोग की अति आवश्यकता है ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **3 × 1 = 3**

"There is a pressing need to use renewable energy resources." Justify the statement with suitable arguments.

14. "यूरोप में अठारहवीं और उन्नीसवीं सदियों के दौरान संस्कृति ने राष्ट्रवाद के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । **3 × 1 = 3**

अथवा

"फ्रान्सीसियों ने वियतनाम में शिक्षा की समस्या को हल करने के लिए विभिन्न तरीके अपनाए ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए ।

"Culture had played an important role in the development of nationalism in Europe during eighteenth and nineteenth centuries." Support the statement with examples.

OR

"French tried to solve educational problems in Vietnam in different ways." Support the statement with examples.

15. विभिन्न सामाजिक समूह सविनय अवज्ञा आंदोलन से क्यों जुड़े ? स्पष्ट कीजिए । **3**

Why did the different social groups join the Civil Disobedience Movement ? Explain.

16. जब साइमन कमीशन भारत पहुँचा तो उसका स्वागत 'साइमन वापस जाओ' के नारे से किया गया । भारतीयों की इस प्रतिक्रिया के पक्ष में तर्क दीजिए । **3**

Simon Commission was greeted with slogan 'Go back Simon' at arrival in India. Support this reaction of Indians with arguments.

17. "सभी परिस्थितियों और सभी देशों के लिए कोई निश्चित दलीय व्यवस्था आदर्श नहीं है ।" इस कथन को तर्कों सहित न्यायोचित ठहराइए । **3 × 1 = 3**

"No party system is ideal for all countries and all situations." Justify the statement with arguments.

18. बड़ी कम्पनियाँ किस प्रकार चालाकी से बाजार को प्रभावित करती हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

How do large companies manipulate the market ? Explain with examples.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

19. "गरीब परिवार अभी भी ऋण के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर हैं ।" इस कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए । **3 × 1 = 3**

"Poor households still depend on informal sources of credit." Support the statement with examples.

20. "भारत संसार का एक महत्त्वपूर्ण लोहा-इस्पात उत्पादक देश है तथापि हम अपने पूर्ण संभाव्य का विकास नहीं कर पाए हैं ।" पूर्ण संभाव्य विकास पाने के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए और उनकी व्याख्या कीजिए । **3**

"India is an important iron and steel producing country in the world. Yet we are not able to perform to our full potential." Suggest and explain any three measures to get full potential.

21. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को किसी स्थान विशेष पर अपनी उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने में प्रोन्नत करने वाले किन्हीं पाँच कारकों का वर्णन कीजिए । **5 × 1 = 5**

Describe any five factors that promote the Multinational Corporations (MNCs) to set-up their production units in a particular place.

22. भारत में प्रथम विश्व युद्ध ने किस प्रकार एक नयी आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पैदा की ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **5 × 1 = 5**

How did the 'First World War' create a new economic and political situations in India ? Explain with examples.

23. 'पर्यटन' शब्द को परिभाषित कीजिए । पर्यटन को व्यापार के रूप में क्यों जाना जाता है ? स्पष्ट कीजिए । **1 + 4 = 5**

Define the term 'tourism'. Why is tourism known as a trade ? Explain.

24. वैश्वीकरण द्वारा बड़ी संख्या में छोटे उत्पादकों और श्रमिकों के समक्ष पैदा की गई प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए । **5 × 1 = 5**

Describe the major problems created by the globalization for a large number of small producers and workers.

25. "लोकतंत्र के कामकाज के प्रति लोगों का असंतोष व्यक्त करना लोकतंत्र की सफलता को दर्शाता है ।" इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **5**

"A public expression of dissatisfaction with democracy shows the success of democratic project." Justify the statement.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

26. "खनिज हमारे जीवन के अनिवार्य भाग हैं ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । **5 × 1 = 5**

"Minerals are indispensible part of our lives." Support the statement with examples.

27. "लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ आर्थिक असमानताओं को कम करने में अधिक सफल दिखाई नहीं पड़ती हैं ।" कथन का विश्लेषण कीजिए । **5 × 1 = 5**

"Democracies are not appearing to be very successful in reducing economic inequalities." Analyse the statement.

28. "यूरोप में उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चौथाई तक राष्ट्रवाद का आदर्शवादी उदारवादी जनतांत्रिक स्वभाव वैसा नहीं रहा जैसा सदी के प्रथम भाग में था ।" इस कथन का उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए । **5 × 1 = 5**

अथवा

"1960 के दशक में वियतनाम में औरतों को योद्धा के साथ-साथ कामगारों के रूप में पेश किया गया ।" इस कथन का उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए ।

"Nationalism no longer retained its idealistic liberal democratic sentiment by the last quarter of the nineteenth century in Europe." Analyse the statement with examples.

OR

"Women were represented as warriors as well as workers in Vietnam in the 1960s." Analyse the statement with examples.

29. तीन लक्षण – (A), (B) और (C) भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में अंकित की गई रेखाओं पर लिखिए : **3 × 1 = 3**

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(B) वह स्थान जहाँ 'कर न देने का अभियान' शुरू हुआ था ।

(C) वह स्थान जहाँ किसानों ने सत्याग्रह का आयोजन किया था ।

Three features (A), (B) and (C) are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

(A) The place where the Indian National Congress Session was held.

(B) The place where the 'No Tax Campaign' was started.

(C) The place where peasants organized a Satyagraha.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

नोट : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं :

(29.1) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(29.2) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ कर न देने का अभियान शुरू हुआ था ।

(29.3) गुजरात में किसानों ने किस स्थान पर सत्याग्रह किया था ?

Note : The following questions are for the **Visually Impaired candidates** only, in lieu of Q. No. **29** :

(29.1) Name the place where the Indian National Congress Session was held in September, 1920.

(29.2) Name the place where 'No Tax Campaign' was started.

(29.3) At which place did the peasants organize Satyagraha in Gujarat ?

30. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(A) आणविक ऊर्जा संयंत्र – कलपक्कम

(B) लोहा व इस्पात संयंत्र – राउरकेला

(C) प्रमुख समुद्री पत्तन – कांडला

On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols :

(A) Nuclear Power Plant – Kalpakkam

(B) Iron and Steel Plant – Rourkela

(C) Major Sea Port – Kandla

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

नोट : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं :

(30.1) कलपक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राउरकेला लोहा व इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(30.3) कांडला पत्तन किस तट पर स्थित है ?

Note : The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **30** :

(30.1) In which state is Kalpakkam Nuclear Power Plant located ?

(30.2) Name the state where Rourkela Iron and Steel Plant is located.

(30.3) On which coast is 'Kandla' port located ?


Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Cut Here यहाँ से काटें Cut Here यहाँ से काटें Cut Here

प्रश्न सं. 29 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 29

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

यहाँ से काटें Cut Here

प्रश्न सं. 30 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 30

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)



Cut Here यहाँ से काटें

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE